डी-एम इंस्टीट्यूट V-Dem Institute के बारे में पूरी जानकारी

जब यह इंस्टिट्यूट डेमोक्रेसी रिपोर्ट तैयार करता है तो उसको बनाने के लिए सैकड़ों विद्वानों को लग्न पड़ता है, इसी तरह वर्ष 2024 डेमोक्रेसी रिपोर्ट बनाने में 180 देशों के 4,200 विद्वान शामिल थे और उन्होने यह रिपोर्ट 31 मिलियन डेटासेट के आधार पर बनाई है जो 1789 से 2023 तक 202 देशों से प्राप्त आंकड़ों का समन्वय है |

V-Dem Institute के बारे में

डी-एम इंस्टीट्यूट (वेरायतीज ऑफ़ डेमोक्रेसी) की स्थापना 2014 में स्टाफन लिंडवर्स द्वारा की गयी थी यह एक स्वीडिस राजनैतिक वैज्ञानिक हैं | डी-एम संसथान सरकार के गुणों का अध्यन कारता है इसके परियोजना का मुख्यालय राजनीति विज्ञान विभाग, गोथेनबर्ग विश्वविद्यालय स्वीडन में स्थित है यह इंस्टीट्यूट कई हाई प्रोफाइल डेटासेट प्रकाशित करता है जो विभिन्न सरकारों के गुणों का वर्णन करते है और उसके बाद सालाना उसको प्रकाशित करते हैं यहाँ तक कि सार्वजानिक रूप से मुफ्त में उपलब्ध होते है |

गोथेनवर्ग स्थित वी -डेम (V-DEM) इंस्टीट्यूट डेमोक्रेसी रिपोर्ट किस आधार पर रिपोर्ट तैयार करता है?

वर्तमान में दुनिया के ऐसे बहुत से देश है जहाँ पर लोकतंत्र को बचाने के लिए आन्दोलन देखने को मिलते है हाल में हुए चुनाव में भी यह मुद्दा भारत में गरमाया हुआ है इसी दौरान स्वीडन की संस्था (V-DEM) ने डेमोक्रेसी रिपोर्ट जारी की है इस रिपोर्ट को देखे और भारत से तुलना करे, ऐसा माना जा रहा है कि भारत में लोकतंत्र की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है |

V-DEM इंस्टीट्यूट

वी-डेम इंस्टीट्यूट गोथेनवर्ग स्वीडन में स्थिति है (यह दुनिया भर में लोकतान्त्रिक स्वतंत्रता पर नजर रखता है), इसके अनुसार "डेमोक्रेसी रिपोर्ट 2024", भारत जिसे 2018 में चुनावी निरंकुशता की स्थिति में डाउनग्रेड किया गया था, कई मैट्रिक्स पर और भी गिरावट आई है और यहाँ तक कि "सबसे खराब और निरंकुशता देशो में एक" घोषित किया गया है |

V-DEM इंस्टीट्यूट किस आधार पर रिपोर्ट तैयार करता है?

वी-डेम रिपोर्ट लिबरल डेमोक्रेटिक इंडेक्स (एलडीआई) में उनके स्कोर के आधार पर देशों को चार प्रकाशों से वर्गीकृत करती है |

लिबरल डेमोक्रेसी

इलेक्ट्रोरल डेमोक्रेसी

इलेक्ट्रोरल ऑटोक्रेसी

क्लोज्ड ऑटोक्रेसी

डेमोक्रेसी रिपोर्ट के संकेतक :-

1- लिबरल डेमोक्रेटिक इंडेक्स (एलडीआई), लोकतंत्र में उदारवादी (व्यक्तिगत और अल्पसंख्यक अधिकार) और चुनावी पहलुओं (स्वतंत्र और निपक्ष चुनाव) दोनों को आंकता है |
2- यह 71 संकेतों पर आधारित है जो लिबरल कंपोनेंट इंडेक्स (एलसीआई) और इलेक्ट्रोरल डेमोक्रेसी इंडेक्स (ईडीआई) बनाते हैं |
3- एलसीआई व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा और कार्यपालिका पर विधायी बाधाओं जैसे पहलुओं को मापता है|
4- ईडीआई उन संकेतो पर विचार करता है जो व्यक्तिगत की स्वतंत्रता और संघ की स्वतंत्रता, जैसे लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाओं की गारंटी देता है इसके अलावा एलडीआई निम्न सूचकांक का भी उपयोग करता है |
5- समतावादी घटक सूचकांक (किस हद तक विभिन्न सामाजिक समूह समान है)|
6- सहयोगी घटक सूचकांक (नागरिक समूहों, नागरिक समाज संगठनों का स्वास्थ्य)|
7- विचार विमर्स घटक सूचकांक (चाहे राजनैतिक सामान्य भलाई पर केन्द्रित सार्वजानिक तर्क के माध्यम से लिए गये हों या भावात्मक अपील, एकजुटता संलग्रक, जबरदस्ती के माध्यम से |

V-Dem Institute रिपोर्ट का वैश्विक निष्कर्ष

1- 2023 में, 42 देश (दुनियां की लगभग 35% आवादी का घर) निरंकुशता के दौर से गुजर रहे है और दुनियां की 71% आवादी -5.7 अरब लोग ऐसे हैं जो निरंकुश शासन में रहते हैं जो दस साल से पहले 48% से अधिक है|
2- इस रिपोर्ट में कहा गया है कि " दुनियां में औसत व्यक्ति द्वारा प्राप्त लोकतंत्र का स्तर 1985 के स्तर तक गिर गया है (जब भारत में आपात की स्थिति थी) " और सबसे तेज गिरावट पूर्वी यूरोप और दक्षिण एवं मध्य एशिया में हो रहीं हैं |
3- तथा इस रिपोर्ट में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, स्वच्छ चुनाव और संघ/ नागरिक समाज की स्वतंत्रता को निरंकुश देशों में लोकतंत्र की तीन सबसे बुरी तरह प्रभावित घटकों के रूप में बताया गया है |
4- 2024 में चुनाव होने वाले 60 देशों पर खंड में, रिपोर्ट में पाया गया हैकि इनमे से आधे से अधिक (31) लोकतांत्रिक गिरावट के दौर में थे |

डी-एम इंस्टीट्यूट डेमोक्रेसी रिपोर्ट तैयार करने में कितने विद्वान कार्य करते है?

वर्ष 2024 डेमोक्रेसी रिपोर्ट बनाने के लिए 180 देशों के 4,200 विद्वान शामिल हुए थे |

डी-**एम इंस्टीट्यूट की स्थापना कब की गयी थी?**

इसकी स्थापना 2014 में एक स्वीडन रजनीतिक वैज्ञानिक के द्वारा की गयी थी| |

ईडीआई फुल फॉर्म हिंदी में

इलेक्ट्रोरल डेमोक्रेसी इंडेक्स

डेमोक्रेसी कितने प्रकार की होती है?

यह चार प्रकार की होती है| लिबरल डेमोक्रेसी, इलेक्ट्रोरल डेमोक्रेसी, इलेक्ट्रोरल ऑटोक्रेसी तथा क्लोज्ड ऑटोक्रेसी

V-DEM डेमोक्रेसी रिपोर्ट वर्ष के किस माह में प्रकाशित होती है?

इसकी रिपोर्ट वर्ष के मार्च महीने में प्रकाशित होती है |

डेमोक्रेसी रिपोर्ट कौन संसथान प्रकाशित करता है?

वी -डेम इंस्टीट्यूट जोकि गोथेनवर्ग स्वीडन में स्थित है |